सरकार हमारे तुम हो श्याम हमारे

संवरने लगा हूँ तेरे नाम से प्यारे,
सरकार हमारे तुम हो श्याम हमारे....

मेरी तरफ देख ज़रा नज़रें उठा कर,
पलकों में रखा है तुझको छुपा कर,
अपना बनाएंगे तुमको रिझाएंगे,
आशिक हमें भी तुमने श्याम किया रे,
सरकार हमारे तुम हो श्याम हमारे.....

महफ़िल में तेरी मैं आया दीवाना,
झूम के गाऊं मैं तेरा तराना,
सबको नचाएंगे पागल बनाएंगे,
ऐसा हमने ये इंतेज़ाम किया रे,
सरकार हमारे तुम हो श्याम हमारे.....

पावन निराली है खाटू नगरिया,
आया मैना आया मैं आया सांवरिया,
झांकी दिखा जा भक्तों के राजा,
हमने बड़ा ही इंतज़ार किया रे,
सरकार हमारे तुम हो श्याम हमारे.....

राहें मिली हैं नयी मंज़िल मिली है,
खुशियों की दिल में ये कलियाँ खिली हैं,
आशा के फूल मेरी राहों में बिछे हैं,
शीतल ने जबसे तेरा नाम लिया रे,
सरकार हमारे तुम हो श्याम हमारे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27009/title/sarkaar-humare-tum-ho-shyam-humare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |